## COVID-19 वैक्स कार्ड / MyIR Mobile अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

वैक्स कार्ड क्या है**?**
एक Vax Card(वैक्स कार्ड) आपकी COVID-19 वैक्सीनेशन का आधिकारिक रिकॉर्ड है। वैक्सीनेशन के समय, आपको Centers for Disease Control and Prevention(CDC ,रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) से, आपकी COVID-19 वैक्सीनेशन तिथि(तिथियों) और ब्रांड वाला एक कार्ड प्राप्त हुआ होगा। यदि आपको कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है या यह आपसे खो गया है, तो आपके पास यह प्रमाणित करने के अन्य

**वैक्सीनेशन का आधिकारिक रिकॉर्ड किसे माना जाता है?**
वैक्सीनेशन के आधिकारिक रिकॉर्डों के उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- आजीवन प्रतिरक्षा रिकॉर्ड(Lifetime immunization record)/CDC COVID-19 वैक्स कार्ड
- वाशिंगटन राज्य प्रतिरक्षा सूचना प्रणाली(Immunization Information System) प्रिंटआउट
- MyIR (केवल अंग्रेजी) प्रिंटआउट (या तो स्क्रीनशॉट अथवा प्रतिरक्षा स्थिति का प्रमाणपत्र)
- My IR Mobile (केवल अंग्रेजी) COVID-19 वैक्सीनेशन प्रमाणपत्र
- आपके मेडिकल प्रदाता दवारा प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड प्रिंटआउट

आप अपना वैक्स कार्ड खुद नहीं बना सकते हैं, क्योंकि इसे किसी आधिकारिक रिकॉर्ड के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। आधिकारिक रिकॉर्ड वैक्सीनेशन के समय प्राप्त प्रमाणित मेडिकल दस्तावेज हैं, जो आपके मेडिकल प्रदाता, या ऊपर सूचीबद्ध MyIR सेवा पोर्टलों के जरिए

**मझे अपना वैक्स कार्ड कैसे रखना चाहिए?**
आपको अपने वैक्स कार्ड को एक सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए! इसे अपने जन्म प्रमाणपत्र या पासपोर्ट की ही तरह मानें। आप इसकी एक तस्वीर ले सकते हैं, फोटोकॉपी करवा सकते हैं, प्रति को लेमिनेट करवा सकते हैं(लेकिन वास्तविक प्रति की नहीं) अथवा आपके पास इसकी

आपके वैक्स कार्ड को उचित प्रकार से संभालकर रखने के लिए अतिरिक्त टिप्स है, कि आप इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ साझा कर सकते हैं।अपनी भाषा वाले फ्लायर के लिए यहां पर क्लिक करें: (वर्तमान में अंग्रेजी और स्पेनिशमें उपलब्ध हैं)।

**मझे अपना वैक्स कार्ड रखने की जरूरत क्यों है?**
आपका वैक्स कार्ड एक आसान रास्ता है, जिसके जरिए आप इस बात का सुबूत दिखा सकते हैं कि आपको COVID-19 की वैक्सीन लगाई गई है। आपको वैक्सीनेशन का प्रमाण दिखाने की जरूरत पड़ सकती है, ताकि आप यात्रा करने, कुछ आयोजनों में शामिल होने, और भविष्य

वाशिंगटन के बहुत सारे व्यवसाय उन लोगों के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं, जो संपूर्ण वैक्सीनेशन का प्रमाणित सबूत प्रदान करते हैं। इसमें छूट, मुफ्त उपहार या आयोजनों में प्राथमिकता सीटिंग शामिल हो सकती है।

**यदि मझे वैक्सीन लगवाते समय कोई वैक्स कार्ड नहीं मिलता है, तो मझे क्या करना चाहिए?**
यदि आपको COVID-19 वैक्सीन(वैक्सीनें) लगवाते समय कोई भी वैक्स कार्ड नहीं मिला, तो आप अपने वैक्सीन प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं। आप www.MyIRMobile.com (English only) पर अपने COVID-19 वैक्सीन रिकॉर्ड तक ऑनलाइन भी पहुंच सकते हैं और एक मुफ़्त

### यदि मेरा वैक्स कार्ड खो गया है, तो मैं क्या करूं?

यदि आपका वैक्स कार्ड खो गया है, तो आप अपने हेल्थकेयर प्रदाता के जरिए या www.MyIRMobile.com (केवल अंग्रेजी) पर एक अकाउंट बनाकर COVID-19 वैक्सीनेशन का आधिकारिक प्रमाण प्राप्त कर सकते हैं।

**MyIR Mobile क्या है?**
MyIR Mobile एक इंटरनेट-आधारित पोर्टल है जो लोगों को उनके राज्य के आधिकारिक वैक्सीनेशन रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान करता है। आप www.MyIRMobile.com (केवल अंग्रेजी) पर एक अकाउंट बना सकते हैं।

कृपया ध्यान रखें कि वर्तमान में MyIR Mobile केवल अंग्रेजी भाषा तक ही सीमित है। अपने रिकॉर्ड प्राप्त करने में भाषाई सहायता, या अन्य किसी मदद के लिए, आप नियमित व्यावसायिक घंटों के दौरान वॉशिंगटन राज्य टीकाकरण और बाल प्रोफाइल कार्यालय (Office of

Immunization and Child Profile) पर जाकर 360-236-3595 नंबर पर कॉल कर सकते हैं या [waiisrecords@doh.wa.gov](mailto:waiisrecords@doh.wa.gov) पर ईमेल करके संपर्क कर सकते हैं।

**मैं अपने बच्चे का COVID-19 वैक्सीनेशन रिकॉर्ड कैसे प्राप्त करूं?**
वैक्सीनेशन करवाते समय आपके बच्चे को उसका अपना CDC वैक्स कार्ड मिला होगा। अच्छा होगा कि जिस प्रकार आपने अपने कार्ड को सुरक्षित रखा था, उसी प्रकार उनके लिए इस कार्ड को सुरक्षित रखें। ऊपर दिए गए कार्ड रखने के विकल्पों को देखें।

यदि आपके बच्चे के पास CDC वैक्स कार्ड नहीं है, आप उनके डॉक्टर या वैक्सीन प्रदाता से एक आधिकारिक प्रति प्राप्त कर सकते हैं। आप [www.MyIRMobile.com](http://www.MyIRMobile.com) (केवल अंग्रेजी) पर एक परिवारिक अकाउंट भी बना सकते हैं और अपने बच्चे की प्रोफाइल अपनी प्रोफाइल में

**यदि मेरा वैक्सीनेशन वाशिंगटन राज्य के बाहर हआ है, तो क्या होगा?**
यदि आपका वैक्सीनेशन वाशिंगटन राज्य में नहीं हुआ था, तो हो सकता है कि आपका वैक्सीनेशन रिकॉर्ड MyIR Mobile पर प्रदर्शित न हो। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास COVID-19 वैक्सीनेशन का कोई अन्य प्रमाणित सबूत हो, जैसे आपका CDC वैक्स कार्ड या आपके

यदि आपका वैक्सीनेशन अमेरिका में नहीं हआ था, तो उस देश का आधिकारिक सबत रखें जहां पर आपका वैक्सीनेशन किया गया था।

**मझे अपने और अपने परिवार के लिए सभी वैक्सीनेशन रिकॉर्ड (केवल COVID-19 वैक्सीनेशन रिकॉर्ड नहीं) कैसे प्राप्त होंगे?**
आपके और आपके परिवार के सदस्यों के वैक्सीनेशन की संपूर्ण रिकॉर्ड सूची प्राप्त करने के लिए, आप अपने प्राथमिक हेल्थकेयर प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं अथवा wa.MyIR.net (केवल अंग्रेजी) पर अकाउंट बना सकते हैं।

अपने रिकॉर्ड प्राप्त करने में भाषाई सहायता, या अन्य किसी मदद के लिए, आप नियमित व्यावसायिक घंटों के दौरान वॉशिंगटन राज्य टीकाकरण और बाल प्रोफाइल कार्यालय(Office of Immunization and Child Profile) पर जाकर 360-236-3595 नंबर पर कॉल कर

Washington State Department of Health

DOH 348-819 June 2021

किसी दूसरे प्रारूप में इस दस्तावेज़ को पाने का अनुरोध करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या सुनने में कठिनाई वाले ग्राहक, कृपया 711 ([Washington Relay](http://www.washingtonrelay.com) (अँग्रेजी)) पर कॉल करें या [civil.rights@doh.wa.gov](mailto:civil.rights@doh.wa.gov) पर ईमेल करें।